दिनांक 12 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर निगम एवं टाउनशिप के अधिकारियों ने बीएसपी क्षेत्र का किया संयुक्त निरीक्षण

-निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैकलाइन की सफाई भी देखी

भिलाई नगर/ आज सुबह 6:00 बजे भिलाई निगम एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से टाउनशिप में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर कई क्षेत्रों का दौरा किए। इस दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैकलाइन की सफाई भी देखी , कुछ स्थानों पर सफाई नहीं होने पर उन्होंने बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों से बैकलाइन सफाई की व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली , प्रबंधन ने बताया कि वर्ष भर में एक बार बैकलाइन की सफाई की व्यवस्था की गई है, आयुक्त ने कहा कि बैकलाइन में अनावश्यक झाड़ियां उग जाने से तथा सफाई नहीं होने से बीमारियों का खतरा बढ़ने की संभावना है तथा मच्छरों को छिपने की पर्याप्त जगह मिलती है इसलिए पूर्णत: सफाई अत्यंत आवश्यक है इस दिशा में कार्य करने उन्होंने कहा है। स्पॉट पर सफाई व्यवस्था को परखने के बाद कई सारी मुद्दों पर चर्चा हुई और इस अनुरूप आगे काम करने कहा गया। वहीं बीएसपी क्षेत्र के कई घरों से पानी का सैंपल लेकर फीडबैक लिया गया , रहवासियों ने बताया कि पानी पहले से बेहतर हुआ है। कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर आज अधिकारियों ने टाउनशिप का संयुक्त विजिट किया। निगमायुक्त प्रकाश सर्वे , अपर आयुक्त अशोक दिवेदी , जोन आयुक्त प्रीति सिंह , प्रभारी सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता श्वेता महेश्वर , वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक वी.के. सैमुअल , जोनल प्रभारी चंदन शर्मा , बीएसपी प्रबंधन से राधिका श्रीनिवासम अभियांत्रिकी नगर सेवाएं विभाग , के.के. यादव उप महाप्रबंधक ने टाउनशिप के सेक्टर 6 ए मार्केट, सेक्टर 4 ए मार्केट, एसएनजी स्कूल के समीप, सिविक सेंटर, सेक्टर के घरों के पीछे का क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किए। निरीक्षण में कई स्थानों पर गंदगी मिली , खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले दुकानों से भी निकलने वाले कचरे अव्यवस्थित पाए गए , बड़ी संख्या में सड़क किनारे झाड़ियां उगी हुई मिली, निर्माण एवं विध्वंस के कचरे पाए गए, डस्टबिन के आसपास कचरे का जमवाड़ा मिला, नाली सफाई नहीं होने से कुछ स्थानों पर जल जमाव की स्थिति निर्मित है , सार्वजनिक शौचालय का भी इस दौरान निरीक्षण किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी